# फाइनेंशियल फ्रीडम

## आपके लिए आवश्यक सभी धन प्राप्त करने के लिए सिद्ध मार्ग



ग्रांट सबेटियर

# फाइनेंशियल फ्रीडम

# (Financial Freedom)

जीवन में हर एक व्यक्ति फाइनेंशियल फ्रीडम पाना चाहता है। लेकिन फिर भी बहुत कम लोग इसको हासिल कर पाते हैं। लेकिन अगर आप इस किताब में लेखक द्वारा बताए गए नियमों को अपनाते हैं तो आप अपनी बहुत कम उम्र में फाइनेंशियल फ्रीडम होकर पूरी लाइफ को इंजॉय कर सकते हैं।

क्योंकि फाइनेंशियल फ्रीडम बुक के लेखक खुद अपनी कम उम्र में ही फाइनेंशियल फ्रीडम हासिल कर चुके थे और अपने इसी अनुभव को वो इस किताब के माध्यम से हम लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। तो चलिए  समझते हैं की ऐसी क्या चीज है जिसके कारण हम अपनी लाइफ में फाइनेंशियल फ्रीडम हासिल नहीं कर पा रहे। और उन्हें फॉलो करके आप और हम भी अपनी कम उम्र में फाइनेशियल फ्रीडम को हासिल कर सकते हैं।

## कम समय में ज्यादा पैसा कैसे कमाए?

आपको फाइनेशियल फ्रीडम हासिल करने के लिए कितने पैसों की जरूरत है उसका हिसाब लगाए। और आप देखें की आज आप कहां पर है और लगातार पैसों के बारे में अपनी विचारधारा को बदलते रहें। ज्यादा खर्च करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सेविंग और इन्वेस्टमेंट की प्लानिंग करनी चाहिए।

क्योंकि जब आप पैसों का निवेश करेंगे तो वो पैसा आपको और भी ज्यादा पैसा बनाकर देगा और इस तरह आप बिना किसी दिक्कत के पैसा कमा सकते हैं। कोई ऐसा साइड बिजनेस स्टार्ट करें जो आपको प्रॉफिट दे।

## समय पैसों से ज्यादा मूल्यवान है।

पैसा असीमित है लेकिन हमारे पास समय सीमित है। इसलिए समय को बेकार में बर्बाद नहीं करना चाहिए। और इस किताब को लिखने का इरादा भी आपको यही समझाना है। ताकि आप अपनी कम उम्र में पैसों को लेकर फ्री हो जाए और अपनी लाइफ को अच्छे से जी पाएं। लेकिन इसका मतलब ये नहीं है की आपको फिर लाइफ में कभी कोई काम नहीं करना पड़ेगा।

बल्कि आपको सिर्फ पैसे के लिए कोई भी काम नहीं करना पड़ेगा। इसी उद्देश्य के लिए लेखक हमे परंपरागत कार्यमुक्ति की बजाय इस नए युग के अवसरों का फायदा लेते हुए कम

उम्र में फाइनेंशियल फ्रीडम प्लानिंग की सलाह देते हैं। परंपरागत तरीके से रिटायरमेंट प्लान में कई समस्याएं होती है। जैसे की ये हर किसी के लिए काम नहीं करता और परंपरागत रिटायरमेंट प्लानिंग मैं आपकी पूरी लाइफ बीत जाती है। और फिर आप अपनी 65 साल की उम्र में जाकर रिटायर होते हैं।

इसमें आप जल्दी रिटायर और जल्दी अमीर नही बन सकते। इसलिए लेखक इसकी जगह हमे आज जो तरीके काम करते हैं उनके बारे में बताते हैं। जिन्हे अपनाकर आप अपनी यंग उम्र में फाइनेशियली फ्री हो सकते हैं। यंग उम्र में फाइनेशियली फ्री होने के लिए हमे जॉब के साथ साथ कोई साइड बिजनेस शुरू करना चाहिए और साथ ही हमे ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्टमेंट करना चाहिए।

## आत्मनिर्भरता

जब मंज़िल स्पष्ट हो जाती है तो वहां तक जाने के लिए रास्ते का हिसाब लगाया जाता है। और यहां पर मंजिल का मतलब है आपकी फाइनेशियली फ्रीडम। ज्यादातर लोग सोचते हैं की फाइनेशियली फ्रीडम पाने के लिए बहुत सारे पैसों की जरूरत होती है। लेकिन सचाई ये है कि फाइनेशियली फ्रीडम के लिए हमारी सोच से भी कम पैसे की जरूरत होती है। और हम लगातार इस पर मेहनत से काम करें तो इसको बहुत जल्दी हासिल किया जा सकता है।

लेखक फाइनेशियली फ्रीडम के लिए कुछ पैरामीटर बताते हैं जैसे आप अपनी जीविका चलाने के लिए पैसों का निश्चय करें और अपना आरामदायक जीवन चलाने के लिए जरूरी पैसों का प्लान बनाए और बिना कुछ काम करे आप अपने रिटायरमेंट के समय कितना पैसा महीने के हिसाब से कमाना चाहते हैं।

## आय को स्पष्ट करें।

आप आय और पैसे के मामले में अभी किस स्थिति में है इसका फैसला करें और स्पष्टता के साथ हिसाब लगाएं। सबसे पहले आप इसका हिसाब लगाए की आपकी मासिक आय और निष्क्रिय आय कितनी है और फिर हिसाब लगाए की आपकी कुल आय कितनी है। फिर देखें कि आप पैसों को लेकर क्या सोचते हैं या महसूस करते हैं। कोई वित्तीय निर्णय लेने के बाद आप उसको पूरा करने में कितना समय लेते हैं।

कहीं ऐसा तो नहीं है कि आप कोई वित्तीय निर्णय लेने के बाद उसको पूरा ही नहीं करते और आप आय, सेविंग्स, पैसा कमाने और बिजनेस के बारे में क्या सोचते हैं या आपके विचार कैसे हैं। इनका जितना जल्दी हो सके उतना जल्दी हिसाब लगा लें और अपनी लाइफ में अमीर आदतों को अपनाने की कोशिश करें।

अपनी व्यवसाय स्थिति का हिसाब लगाएं की अभी आप क्या कर रहे हैं, क्या कोई जॉब या फिर कोई बिजनेस कर रहे हैं हिसाब लगाएं और अपने आगे आने वाले 5 सालों में आप किस स्तर पर पहुंच जाएंगे और कैसे अपने बिजनेस को बढ़ाने वाले हैं इसका पूरी तरह से हिसाब लगाएं।

आप कितनी सेविंग और बचत करते हैं और आपको अपने निश्चित समय तक फाइनेंशियल फ्रीडम के लिए कितनी सेविंग्स और बचत की जरूरत है इसका अंदाजा लगाएं।

देखें की अभी आप धन संबंधी किन लोगों से सलाह लेते हैं। क्या आप उन लोगों से सलाह लेते हैं जो अभी पैसों के लिए संघर्ष कर रहे हैं या उनसे जो लोग अपनी लाइफ में आर्थिक रूप से स्थिर हो गए हैं और ये निर्णय करें की आपको आर्थिक रूप से फ्री होने के लिए धन संबंधी किन लोगों से सलाह लेनी चाहिए।

## तेजी से धन कैसे कमाए?

पैसा इन्वेस्ट करने के लिए अनगिनत तरीके मौजूद है लेकिन ये केवल 3 सिद्धांतों पर निर्भर करता है आय, खर्च और सेविंग्स।

1 आप कितना पैसा कमाते हैं।

2 आप अपनी आय में से कितना खर्च करते हैं।

3 उनमें से आप कितनी बचत और इन्वेस्ट करते हैं।

आपको पैसा कमाने की प्लानिंग करते समय इन तीनो चीजों पर ध्यान रखना चाहिए। और ज्यादा से ज्यादा बचत और इन्वेस्टमेंट पर ध्यान देना चाहिए। तो चलिए पैसा कमाने के लिए कुछ जरूरी चीजों को जान लेते हैं।

## दिमाग विकसित करें

आप अपनी आय की गणना करें और उसके मुताबिक प्लान तैयार करें की आप कितना धन कमाना चाहते हैं और उसके लिए आपको कितना पैसा बनाने की आवश्यकता है।

## अपनी जॉब में सुधार करें।

अपनी जॉब को देखें और पता करें की आपको आपकी जॉब से कितना पैसा मिल रहा है और आपकी जॉब मैं आपका कितना समय जा रहा है। एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि समय हमारे पास सीमित है और आप अपनी जॉब से एक लेवल तक ही पैसा कमा सकते हैं। अगर आप ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं तो जॉब के साथ साथ आपको कोई साइड बिजनेस करना पड़ेगा।

## कोई साइड बिजनेस शुरू करें।

अपनी आय को बढ़ाने के लिए जॉब के अलावा आपको कोई साइड बिजनेस करना बहुत जरूरी है।

साइड बिजनेस को निष्क्रिय आय में बदलें।

आप अपने बिजनेस को साइड बाय साइड आगे बढ़ाते रहें और अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे लोगों को हायर करें जिनको आपके बिजनेस के बारे में जानकारी हो। इससे आपका बिजनेस आपके बिना भी आपके लिए पैसा कमाता रहेगा।

## इन्वेस्टमेंट

आपको ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्टमेंट करने पर अपना ध्यान देना चाहिए। इससे पहले आपको वित्तीय और निवेश के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। और आपको जितने भी निवेश करने के तरीके आपको पता है उसमे निवेश करें ताकि आप अपने निर्धारित समय तक फाइनेंशियल फ्री हो सकें।

## ज्यादा पैसा कमाने के लिए पैसे की बचत करें।

यहां हम कुछ ऐसे तरीकों के बारे में जानने वाले हैं जिन्हे आप कुछ भी खरीदारी करने से पहले खुद से पूछें तो ये तरीके आपको निर्णय लेने में आपकी मदद करेंगे की यह चीज खरीदना आपके लिए फायदेमंद है या नहीं।

- ये चीज मुझे कब तक और कितनी खुशी देगी?
- इस चीज को खरीदने के लिए मुझे कितना खर्च करना होगा?
- इस चीज को पाने के लिए मुझे कितने समय काम करने की जरूरत है?
- क्या मैं इस चीज के लिए पैसे चुका सकता हूं?
- क्या मैं इस चीज को कम प्राइस पर खरीद सकता हूं?
- इस चीज की असल कीमत कितनी है?
- ये चीज आपके लिए कितने फायदेमंद है?

## स्थिरता

इस फेज में आने के बाद अब आपको अगला स्टेप्स लेना है सेविंग करने का लेकिन लेखक कहते हैं की आपको छोटी छोटी जगह पर सेविंग करने की बजाय अपने बड़े खर्चों  जैसे घर, ट्रांसपोटेशन में से बचा सकते हैं क्योंकि हर एक इंसान की लाइफ में यही सबसे बड़े खर्चे होते हैं।

घर के खर्चों को बचाने के लिए हो सकता है आप पहले किसी छोटे से घर में रह रहे हों। कुछ लोग ऐसे होते हैं जो अपने घर की देखभाल करने के लिए किसी को किराए पर एक कमरा दे देते हैं। इसलिए ऐसा करके भी आप किसी जगह पर फ्री में रह सकते हैं। खर्च को कम करने के लिए आप 2 या 3 बैडरूम वाला अपार्टमेंट किराए पर ले सकते हैं और उनमें सिर्फ एक मैं रह सकते हैं और बाकी को आप किराए पर दे सकते हैं।

ट्रांसपोट बजट के लिए जब तक आप फाइनेशियल फ्री नही हो जाते तब तक आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या किसी सस्ते ट्रांसपोर्ट मैं सफर कर सकते हैं। इसी तरह आप अपने घर के खर्च और ट्रांसपोटेशन खर्च को कम करके बहुत ज्यादा सेविंग कर सकते हैं।

## पैसे कमाने में तेजी लाएं।

जितना आप कम समय वाले इन्वेस्टमेंट से पैसा कमाना चाहते हैं उन्हें अलग रखें और दीर्घकालिक इन्वेस्टमेंट से जितना कमाना चाहते हैं उन्हें अलग तरीके से प्लान करें। हिसाब लगाएं की आपको इतना इन्वेस्ट तो करना ही करना है क्योंकि ये तो आपको पता ही है की जितनी ज्यादा आप बचत करेंगे उतनी ज्यादा आप इन्वेस्ट करेंगे और जितनी ज्यादा आप इन्वेस्ट करेंगे उतने ही जल्दी आप अपने फाइनेशियल फ्रीडम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

आप एक प्लान बनाए और देखें की आप कितना पैसा बचत और इन्वेस्ट करने वाले हैं। आप अपनी इन्वेस्टमेंट इनकम से कितने परसेंट इनकम को किसी जगह पर इन्वेस्ट करने वाले हैं इसकी प्लानिंग करें। अलग अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करने के लिए और उस पर लगने वाली फीस का सही से मूल्यांकन करें ताकि आपको बहुत कम फीस देनी पड़े।

## सही इन्वेस्ट का चुनाव करें

इन्वेस्टमेंट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। सबसे पहले आपका पैसा सुरक्षित रहे और आपके तय समय तक जितने पैसे आपको चाहिए उतने पैसे बढ़ने की संभावना ज्यादा हो।

## अपने टैक्स खाते से अधिकतम इन्वेस्ट करें

टैक्स आपके भविष्य में इन्वेस्टमेंट आय का बहुत बड़ा हिस्सा बन सकता है। इसलिए शुरू से ही टैक्स को कम करने की योजना बनाना आवश्यक है। इसके लिए आप कर मुक्त योगदान निवेश खाता खुलवा सकते हैं जिसमे आपको इन्वेस्ट के दौरान टैक्स नहीं देना पड़ेगा और कर योग्य खाते से ही निवेश करें। अपने टैक्स को कम करने की कोशिश करें और अधिकतम इन्वेस्टमेंट अपने इसी टैक्स खाते से ही करें।

## रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट

रियल एस्टेट इन्वेस्टिंग आपकी आय को बढ़ाने का एक बहुत अच्छा जरिया है और रियल एस्टेट बाकी इन्वेस्टमेंट की तुलना में काफी सही और सुरक्षित है। रियल एस्टेट में आप तीन तरीकों से इन्वेस्ट कर सकते हैं। आप किसी प्रॉपर्टी को खरीद कर और उस को मुनाफे में बेच कर पैसा कमा सकते हैं। किसी प्रॉपर्टी को कम पैसे में खरीद कर और उस पर एक बेहतर घर बनाकर उसे आगे ज्यादा पैसों में बेच सकते हैं।

आप कोई प्रॉपर्टी खरीद कर उसे लंबे समय तक अपने पास रख सकते हैं और बाद में उसकी कीमत बढ़ने पर उससे आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं।

ऐसे कुछ टिप्स जो लाभकारी प्रॉपर्टी पता लगाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

- एक बजट बनाए और होम लोन ले लें।
- ज्यादा से ज्यादा किराया देने वाली प्रॉपर्टी का पता लगाएं।
- जैसे ही आपको लाभकारी प्रॉपर्टी दिखें उसे जल्दी से खरीद लें।
- कम पैसों मैं बिकने वाली प्रॉपर्टी का पता करते रहें।

## अपने बाकी जीवन के लिए निवेश करने से कैसे दूर रहें?

अगर आप जल्दी फाइनेशियल फ्री होना चाहते हैं तो आपको सही इन्वेस्टमेंट और निकासी रणनीति विकसित करनी चाहिए। जिसमे आपके बिना भी आपका पैसा तेजी से बनता रहे। और आपके फाइनेशियल फ्री होने के बाद टैक्स को बचाकर लगातार पैसा बनाने के लिए कुछ टिप्स को अपनाए।

- जितना हो सके उतना इन्वेस्टमेंट से दूर रहें।
- टैक्स सेविंग के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने टैक्स अकाउंट से पैसा निकालें।

फाइनेशियल फ्री होने के बाद आप क्या करना चाहते हैं उसके लिए अपना एक स्पष्ट लक्ष्य बनाए।आप अपने शौक से कुछ

करना चाहते हैं रिटायरमेंट के बाद आप सबसे पहले अपने रूचि के हिसाब से काम करें।